**भारत डायनामिक्स लिमिटेड**

**(भारत सरकार का उद्यम, रक्षा मंत्रालय)**

**निगम कार्यालय, गच्छी बाउली – हैदराबाद**

बीडीएल/104/बीडी--नि.वा./06 दिनांक : 16 जुलाई, 2020

**<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>**

**<u>बीडीएल ने 51वॉं स्थापना दिवस मनाया</u>**

भारत डायनामिक्स लिमिटेड (बीडीएल) ने दि. 16 जुलाई, 2020 को अपनी विभिन्न इकाइयों और कार्यालयों में आवश्यक दिशा-निर्देशों और भौतिक दूरी के नियमों का पालन करते हुए 51वॉं स्थापना दिवस मनाया।

इस अवसर पर कमोडोर सिद्धार्थ मिश्र (से.नि.), अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, बीडीएल ने सभी कर्मचारियों को ऑनलाइन वेबकैस्ट के माध्यम से शुभकामनाएँ दीं।

इन्होंने सभी कर्मचारियों और अन्य स्टेकधारकों को उनकी कर्मठता और प्रतिबद्धता के कारण बीडीएल द्वारा पिछले वित्तीय वर्ष के लिए अविस्मरणीय लक्ष्य हासिल किए जाने पर बधाई दी। इन्होंने उनसे आग्रह किया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष के उत्पादन लक्ष्य हासिल करने में भी इसी प्रकार से सफल प्रयास करते रहे।

सी एम डी ने अपने संबोधन में प्राप्त उन्नत उपलब्धियाँ और कार्यक्रम जैसे बीडीएल स्वर्ण जयंती वर्ष समारोह का पुन:स्मरण किया। उद्यम में पूर्व कर्मचारियों द्वारा किये गये प्रयासों की प्रशंसा की।

इन्होंने सभी कर्मचारियों से अपील किया कि इस महम्मारी से अपने आपको और अपने परिवार को बचाव करने आवश्यक सावधानी बरताएँ।

***